दिनांक 06.07.2021

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14 अप्रैल 2021 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में डॉ. अंबेडकर विचार समिति आई आई टी कानपुर के तत्वाधान में भारतरत्न" डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 130 वीं जयंती Covid-19 महामारी को ध्यान में रखकर तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मनाई जानी थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर जी को शिरकत करना था, प्रत्येक वर्ष की तरह संस्थान के निदेशक तथा उपनिदेशक महोदय द्वारा कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर विचार समिति, आई आई टी कानपुर के सेवानिवृत्त सम्मानित सदस्यों को स्मृति चिन्ह तथा शाल दे कर सम्मानित करना था।
परंतु राज्य सरकार द्वारा निर्देशानुसार Covid-19 महामारी को ध्यान रखते हुए राज्य मे लॉक डाउन होने के कारण भीमराव अंबेडकर जी की 130 वीं जयंती का कार्यक्रम संस्थान मे सम्पन्न नहीं हो सकी।

डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जी ने एक समाज सुधारक, शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता और न्यायविद् के रूप में देश और समाज की भलाई के लिए अनवरत संघर्ष किया। डॉ. अंबेडकर जी ने एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जिसमें सामाजिक समरसता और समानता का वातावरण हो। अपने इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन, समाज एवं राष्ट्र को समर्पित कर दिया। डॉ. अंबेडकर जी ने भारत के लिए ऐसे प्रगतिशील और सर्व-समावेशी संविधान की रचना की, जो पिछले अनेक दशकों से, लोकतन्त्र में देशवासियों की आस्था को बढ़ाता और मजबूत करता आया है।

डॉ. अंबेडकर जी का मूल मंत्र था की हर वर्ग का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उनके मूल मंत्र को साकार करने का प्रयास करते हुए अंबेडकर विचार समिति आई आई टी कानपुर द्वारा संस्थान में स्थापित Opportunity School को सहयोग राशि का डिमांड ड्राफ्ट माननीय निदेशक महोदय प्रोफेसर अभय करंदीकर जी के माध्यम से स्कूल के चेयरमैन प्रोफेसर नचिकेता तिवारी जी को प्रदान की गई जिससे जरूरतमंद बच्चों की मासिक फीस माफ की जा सके।

कार्यक्रम में निदेशक महोदय प्रोफेसर अभय करंदीकर जी, उपनिदेशक महोदय प्रोफेसर एस गणेश जी, संस्थान के एससी/एसटी विभाग के संपर्क अधिकारी डॉ. आर के सचान जी, अंबेडकर विचार समिति आई आई टी कानपुर के अध्यक्ष श्री मंगेश सुखदेवे, महासचिव श्री गुड्डू कुमार, सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

आइए, इस अवसर पर हम सभी डॉ अंबेडकर के महान व्यक्तित्व, संघर्ष और जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी शिक्षा और आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा जारी सभी COVID दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था

Dated 06.07.2021

Press release

The occasion of the 130th Birth anniversary of "Bharat Ratna" Dr Bhimrao Ambedkar, which was proposed to be celebrated on 14 April 2021, was postponed due to COVID related restrictions subsequent lockdown in IIT Campus. A felicitation event to honour the retired employees was planned, but due to the Covid-19 global epidemic, the revised guidelines were given by the Government of India / State Government, due to which the program and the event was postponed.

As a social reformer, educationist, jurist, economist, politician and legal expert, Dr Ambedkar constantly strived to benefit the country and society. Dr Ambedkar envisaged such a society where social harmony and equality should prevail. For this purpose, he dedicated his entire life towards society and the Nation. Dr Ambedkar has gifted India with such a progressive and inclusive constitution that has been deepening and strengthening our fellow citizens' belief in our democracy for the past several decades.

Keeping in mind the work done by Baba Saheb in education, a new initiative has been planned on behalf of the Samiti. The financial support was provided to the Chairman Opportunity School Prof Nachiketa Tiwari by Prof. Abhay Karandikar, Director, IIT Kanpur, on behalf of Dr Ambedkar Vichar Samiti. This amount may be utilized for the monthly fees of needy children of the school. On account of this, a small event was organized at the Director's office.

As token of our regards towards Honourable Director & Deputy Director Sir, preamble of the Constitution of India was presented on behalf of Dr Ambedkar Vichar Samiti.

Honourable Director Prof Abhay Karandikar graced the program along with Deputy Director Prof. S. Ganesh and Dr R K Sachan, the Liaison Officer of the Institute's SC/ST/OBC along with the office bearers of Dr Ambedkar Vichar Samiti, President AVS Mr Mangesh Sukhdev, General Secretary AVS Mr G Kumar & Treasurer of AVS Mr Rajesh Kumar.

Come, on this occasion, all of us, taking inspiration from Dr Ambedkar's great personality, struggles and life, take a pledge to bring his education and ideals into our lives and contribute to creating a strong and prosperous India. The event was organized by keeping in mind all the COVID guidelines issued by the Government of India.